# Navbharat

Date: 10 February 2010; Page:05; Edition: Nagpur

## यूएफओ करेगा सिनेमाघरों में आईपीएल का सीधा प्रसारण

व्यापार प्रतिनिधि

नागपुर. यूएफओ मूवीज मल्टिप्लेक्स व अन्य सिनेमा घरों में डीएलएफ आईपीएल के मैच का सीधा प्रसारण करेगा. हाय डेफीनीशन डिजीटल फार्मेट में बिना किसी विज्ञापन के




क्रिकेट प्रेमी मैच का आनंद ले सकेंगे. मैदान में मैच देखने का अनुभव मिले ऐसी व्यवस्था सिनेमाघरों में की जाएगी. यूएफओ के सलाहकार चारुहास साटम ने बताया किया मैदान की तरह ही यहां भी चीयर लीडर्स होगी. सिनेमा जाकी पूरे मैच के दौरान विभिन्न गेम और अन्य गतिविधियां संचालित करेंगे. विजेताओं को पुरस्कार भी दिए जाएंगे. दर्शक अपने मित्र व परिवार के साथ मैच का यहां आनंद उठा सकेंगे. यूएफओ मूवीज ने मल्टिप्लेक्स श्रृंखला के सिनेमैक्स, आइनाक्स, फेम, पीवीआर के साथ ही एक परदे वाले छोटे सिनेमाघर के साथ में भागीदारी की है. युएफओ मूवीज के साथ देश भर के 1700 से अधिक डिजीटल परदे उपलब्ध है. आईपीएल के टी- 20 मैच दिखाने के लिए क्राउन इन्फोटेनमेन्ट के साथ करार किया है. नागपुर क्षेत्र में कुल 70 सिनेमाघर ने आईपीएल 2010 के सीधे प्रसारण के लिए हमारे साथ करार किया है जिनमें 5 नागपुर के सिनेमाघर है. इनमें जयश्री टॉकीज, जसवंत तुली मॉल, आइनॉक्स लेजर, पूनम मॉल और सिनेमैक्स शामिल है. टिकट की दरों में कोई परिवर्तन नहीं होगा.